Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 18

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

6 रमाज़न 1441 हिजरी कमरी 30 शहादत 1399 हिजरी शमसी 30 अप्रैल 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

मैं फिर तुम को सम्बोधित कर के कहता हूँ कि तुम जो मेरे साथ एक सच्चा सम्बन्ध पैदा करते हो इस से यही उद्देश्य है कि तुम अपने आचरण में ,आदतों में एक स्पष्ट तबदीली करो जो दूसरों के लिए हिदायत और सौभाग्य का कारण हो।

इन्सान बहुत तमन्नाएं रखता है। ग़ैब की बातों की किस को ख़बर है। इच्छाओं के अनुसार ज़िन्दगी कभी नहीं चलती है। इच्छाओं का सिलसिला और है और तक़दीर का सिलसिला और है और यही सिलसिला सच्चा है। याद रखो कि ख़ुदा तआला के पास इन्सान के कामों का लेखा-जोखा सच्चा है। उसे क्या मालूम है कि इस में क्या-क्या लिखा है इस लिए दिल को जगा जगा कर सचेत करना चाहिए।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

नमाज़ के समय रुहानी अवस्थाओं की एक प्रतीकात्मक तस्वीर है

और यह भी याद रखो कि यह जो पाँच वक़्त नमाज़ के लिए निर्धारित हैं यह कोई ज़ोर और ज़बरदस्ती के तौर पर नहीं बल्कि अगर ध्यान दो तो यह दरअसल रुहानी अवस्थाओं की एक प्रतीकात्मक तस्वीर है। जैसा कि अल्लाह तआला ने फ़रमाया कि

اَقِمِ الصَّلٰوةَ لِدُلُوْكِ الشَّمْسِ

(बनी इस्राईल :79) अर्थात क़ायम करो नमाज़ को दलूकश्शमस से। अब देखो कि अल्लाह तआला ने यहां नमाज़ को क़ायन करने को दलूकश्शमस से लिया है। दुलूक के अर्थों में यद्यपि मतभेद है , लेकिन दोपहर के ढलने के समय का नाम दुलूक है। अब दुलूक से लेकर पाँच नमाज़ें रख दें। इस में हिक्मत और सिर क्या है? क़ानून क़ुदरत दिखाता है कि रुहानी पतन और विनय के स्तर भी दुलूक ही से शुरू होते हैं और पाँच ही हालतें आती हैं। अत: यह कुदरती नमाज़ भी इस वक़्त से शुरू होती है जब दुख और ग़म के चिन्ह शुरू होते हैं। इस वक़्त जबकि इन्सान पर कोई आफ़त या मुसीबत आती है तो किस क़दर विनय और विनम्रता करता है। अब इस वक़्त अगर भूकंप आए तो तुम समझ सकते हो कि तबीयत में कैसा रोना और विनय पैदा हो जाता है। इसी तरह पर सोचो कि अगर जैसे किसी आदमी पर नालिश हो तो समन या वारंट आने पर इस को मालूम होगा कि अमुक दफ़ा फ़ौजदारी या दीवानी में नालिश हुई है। अब वारंट के पढ़ने के बाद उस की हालत में मानो आधे दिन के बाद पतन शुरू हुआ क्योंकि वारंट या समन तक तो उसे कुछ मालूम न था। अब ख़्याल पैदा हुआ कि ख़ुदा जाने इधर वकील हो या क्या हो? इस किस्म की शंकाओं और चिन्ताओं से जो पतन पैदा होता है यह वही हालत दुलूक है और यह पहली हालत है जो नमाज़ ज़ुहर के क़ाइम मक़ाम है और इस की प्रतीकात्मक हालत नमाज़ ज़ुहर है। अब दूसरी हालत इस पर वह आती है जबकि वह अदालत के कमरा में खड़ा है। विपक्षा पक्ष और अदालत की तरफ़ से जिरह के सवाल हो रहे हैं और वह एक अजीब हालत होती है। यह वह हालत और वक़्त है जो नमाज़ अस्र का नमूना है क्योंकि असर घटने और निचोड़ने को कहते हैं। जब हालत और भी नाज़ुक हो जाती है और जुर्म का निर्धारण हो जाती है तो आशा और निराशा बढ़ती है क्योंकि अब ख़्याल होता है कि सज़ा मिल जाएगी यह वह वक़्त है जो मग़रिब की नमाज़ की तस्वीर है। फिर जब हुक्म सुनाया गया और कंस्टेबल या कोर्ट इन्सपेक्टर के हवाला किया गया तो वह रुहानी तौर पर नमाज़ इशा की प्रतीकात्मक तस्वीर है। यहां तक कि नमाज़ की सुब्ह सादिक़ (भौर) प्रकट हुई। और

اِنَّ مَعَ الْعُسْرِ يُسْرًا

(अल इनशराह: 7) की हालत का समय आ गया तो रुहानी नमाज़ फ़ज्र का वक़्त आ गया और फ़ज्र की नमाज़ उस की प्रतीकात्मक तस्वीर है।

सारांक्ष मैं फिर तुम को सम्बोधित कर के कहता हूँ कि तुम जो मेरे साथ एक सच्चा सम्बन्ध पैदा करते हो इस से यही उद्देश्य है कि तुम अपने आचरण में ,आदतों में एक स्पष्ट तबदीली करो जो दूसरों के लिए हिदायत और सौभाग्य का कारण हो।

14 जनवरी 1898 ई

आख़िरत पर नज़र रखें

फ़रमाया : लोगों के लिए अनिवार्य है कि आख़िरत पर नज़र रखें। अज़ाब से पहले डरना चाहिए।

ए मर्द आख़िर बीं मुबारक बंदा अस्त

देखो लूत इत्यादि क़ौमों का अंजाम किया हुआ। हर एक को अनिवार्य है कि दिल अगर सख़्त भी हो तो उस को बुरा भला कह कर के विनम्रता की शिक्षा दे। हमारी जमाअत के लिए सबसे ज़रूरी है, क्योंकि उनको ताज़ा मार्फ़त मिलती है। अगर कोई दावा तो मार्फ़त का करे मगर इस पर चले नहीं तो यह मुंह की बातें ही है। इसलिए हमारी जमाअत दूसरों की ग़फ़लत से ख़ुद ग़ाफ़िल न रहे और उनकी मुहब्बत को सर्द देखकर अपनी मुहब्बत को ठंडी न करे। इन्सान बहुत तमन्नाएं रखता है। ग़ैब की बातों की किस को ख़बर है। इच्छाओं के अनुसार ज़िन्दगी कभी नहीं चलती है। इच्छाओं का सिलसिला और है और तक़दीर का सिलसिला और है और यही सिलसिला सच्चा है। याद रखो कि ख़ुदा तआला के पास इन्सान के कामों का लेखा-जोखा सच्चा है। उसे क्या मालूम है कि इस में क्या-क्या लिखा है इस लिए दिल को जगा जगा कर सचेत करना चाहिए।

फ़रमाया:

अफ़सोस की बात है कि आम तौर पर मसीबतों के आने की वजह से लोगों का गर्व तथा अहंकार दूर नहीं हुआ मैं सच कहता हूँ कि यह दूर न होंगी जब तक लोगों की ज़िद और आड़ दूर न होगी। मैं देखता हूँ कि लोग ख़ुदा तआला से पूरी मैत्री के लिए तैयार नहीं हैं। अकाल के दौरान में लोगों ने महसूस नहीं किया। आरम्भ में मक्का और मदीना का फ़तवा भी डरा दिया करता था। जब कोई कहता कि मक्का मुअज़्ज़मा से फ़तवा आया है तो लोग डर जाते थे लेकिन अब इन मसीबतों को देखकर भी लोग नहीं डरते। मेरी राय है कि जब तक कि लोग रूप्ण तौर पर रुजू न करें तक़दीर न बदलेगी

اِنَّ اللّٰهَ لَا يُغَيِّرُ مَا بِقَوْمٍ حَتّٰى يُغَيِّرُوْا مَا بِاَنْفُسِهِمْ (अर्रअद 12)

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 129 से 131 प्रकाशन कादियान)

☆ ☆ ☆ ☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-1)

इस्लाम का अर्थ है "अमन "और क़ुरआन शरीफ़ में ऐसी बहुत सी आयतें हैं जो क्रम से स्पष्ट करती हैं कि मुसलमानों को हमेशा अमन वाला रहना चाहिए और दूसरों से मुहब्बत और इज़्ज़त से व्यवहार करना चाहिए।

रसूल करीम ने हमें शिक्षा दी है कि वास्तविक ज़हनी सुकून को प्राप्त करना इस बात का तक़ाज़ा करता है कि इन्सान अल्लाह तआला को पहचाने और इस के साथ एक सम्बन्ध पैदा करे क्योंकि इस्लाम के अनुसार अल्लाह तआला की सिफ़ात में से एक सिफ़त यह भी है कि वह अमन तथा शान्ति स्त्रोत है।

रसूल करीम ने अपने अनुयायियों से कई बार फ़रमाया कि वे रहम-दिल बनें और एक दूसरे का ख़्याल रखने वाले हूँ और एक दूसरे पर सलामती भेजने वाले हूँ

इस्लाम के संस्थापक ने एक सुनहरी उसूल प्रदान फ़रमाया कि एक वास्तविक मुसलमान को चाहिए कि वह दूसरों के लिए भी वही पसंद करे जो अपने लिए पसंद करता है

मेरे निकट इस सादा परन्तु इंतिहाई गहरे बिन्दु पर सिर्फ मुसलमान ही नहीं बल्कि दूसरे भी अनुकरण करने वाले हों तो यह समाज के लिए स्थायी अमन का माध्यम साबित होगा।

अगर हम अपनी ज़ाती ज़िन्दगियों और सामूहिक सतह पर वास्तविक अमन चाहते हैं तो सबसे अहम यह बात है कि हम दूसरों के लिए वही पसंद करें जो अपने लिए करते हैं

न्यायप्रिय और पक्षपात रहित इतिहासकार इस बात की गवाही देते हैं कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने कभी भी अत्याचार जारी नहीं रखा और न किसी के अधिकार लिए किए बल्कि हर अवसर अमल वाली , रवादारी और दूसरों के अधिकार पूरे करने की शिक्षा दी।

28 सितम्बर 2019 दिनांक शनिवार दौरा हॉलैंड के अवसर पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का ग़ैर मुस्लिम मुअज़्ज़िज़ मेहमानों के सामने इस्लाम की अमन देने वाली शिक्षाओं पर आधारित ईमान वर्धक ख़िताब

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

25 सितम्बर 2019 ई (दिनांक बुध)

इस्लामाबाद टेलफ़ोर्ड से रवाना होना और मस्जिद बैयतुल नूर(ननस्पैट हॉलैंड में पधारना)

जमाअत अहमदिया के नए मर्कज़ इस्लामाबाद (यू.के) से हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का यह दूसरा दौरा था। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ हॉलैंड, फ्रांस और जर्मनी के सफ़र पर रवाना होने के लिए प्रोग्राम के अनुसार सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर अपनी रिहायश गाह से बाहर पधारे। हुज़ूर अनवर को अलविदा कहने के लिए सुबह से ही मर्द तथा औरतें रिहायशी हिस्सा के बाहरी सेहन में जमा थे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ कुछ देर के लिए लोगों के बीच पधारे। हर एक ने अपने प्यारे आक़ा का दर्शन किया और लाभ पाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने सामूहिक दुआ करवाई और अपना हाथ बुलंद करके सब हाज़िरीन को अस्सलामो अलैकुम कहा। इस के बाद पाँच गाड़ियों पर आधारित क़ाफ़िला बर्तानिया के एक तटीय शहर Dover की तरफ़ रवाना हुआ

Dover बर्तानिया की एक प्रसिद्ध बंदरगाह है। लंदन और उसके इर्दगिर्द के क्षेत्रों में आबाद लोग यूरोप का सफ़र ferries के द्वारा इसी बंदरगाह से करते हैं Dover शहर से 11 मील पहले Folkstone के इलाक़ा में वह प्रसिद्ध Channel Tunnel है जो बर्तानिया और फ्रांस के तटीय क्षेत्रों को आपस में मिलाती है। इस सुरंग के द्वारा कारें और अन्य गाड़ियां के द्वारा ट्रेन फ्रांस के तटीय शहर Calais तक पहुँचती हैं। आज उसी चैनल टनल के द्वारा सफ़र का प्रोग्राम था। इस्लामाबाद (यूके) से आदरणीय मन्सूर अहमद शाह साहिब नायब अमीर यू के, आदरणीय अताउल मुजीब राशिद साहिब मुबल्लिग़ इंचार्ज यूके, आदरणीय मुबारक अहमद ज़फ़र साहिब ऐडीशनल वकीलुल माल, आदरणीय नासिर इनाम साहिब प्रिंसिपल जामिया अहमदिया यूके, आदरणीय अख़लाक अहमद अंजुम साहिब (वकालत तबशीर और आदरणीय नायब सदर साहिब मज्लिस ख़ुद्दामुल अहमदिया यूके, मुहतमिम उमूमी मजलिस ख़ुद्दामुल अहमदिया यूके अपनी ख़ुद्दाम सिक्योरिटी टीम के साथ हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ को अलविदा कहने के लिए चैनल टनल तक क़ाफ़िला के साथ आए थे। लगभग एक घंटा चालीस मिनट के सफ़र के बाद साढ़े ग्यारह बजे चैनल टनल आई। इस्लामाबाद से साथ आने वाले लोगों ने अपने प्यारे आक़ा को अलविदा कहा

इस के बाद इमीग्रेशन और अन्य सफ़री मामलों की पूर्णता के बाद कुछ वक़्त के लिए हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ स्पेशल लाऊंज में तशरीफ़ ले आए। लगभग बारे बज कर पंद्रह मिनट पर क़ाफ़िला की गाड़ियां ट्रेन पर बोर्ड की गईं। ट्रेन बारा बज कर तीस पर 140 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ़्तार से फ्रांस के तटीय शहर Calais के लिए रवाना हुई। इस सुरंग की लंबाई 31 मील है। जिस में से 24 मील का हिस्सा समुंद्र की तह के नीचे है। इस सुरंग का सब से गहरा हिस्सा समुंद्र की तह से 75 मीटर अर्थात 250 फुट नीचे है। अब तक किसी भी समुंद्र के नीचे बनने वाली टनल में से यह दुनिया की सबसे बड़ी टनल (tunnel) है। लगभग आधा घंटा के सफ़र के बाद फ्रांस के स्थानीय वक़्त के अनुसार दोपहर दो बजे फ्रांस के शहर Calais पहुंचे। फ्रांस का समय बर्तानिया के वक़्त से एक घंटा आगे है।

ट्रेन रुकने के बाद लगभग पाँच मिनट के ठहराव से गाड़ियां ट्रेन से बाहर आएं और मोटरवे पर सफ़र शुरू हुआ। पहले से तय प्रोग्राम के अनुसार यहां से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक पैट्रोल पंप के पार्किंग एरिया में जमाअत फ्रांस से आने वाले वफ़द ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला का स्वागत करना था। इस इलाक़ा से गुज़रते हुए बिना रुके सफ़र आगे सफर रहा।

प्रोग्राम के अनुसार कुछ किलोमीटर का सफ़र तय करने के बाद मोटरवे पर ही Calais के आसपास के इलाक़ा Coquelles के एक होटल The Orignals Human Hotel & Resort में नमाज़ ज़ुहर तथा असर की अदायगी और दोपहर के खाने का प्रबन्ध किया गया था। जमाअत फ्रांस ने इसका प्रबन्ध किया हुआ था। 2 बजकर 20 मिनट पर यहां पधारे। जैसे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ गाड़ी से बाहर पधारे तो आदरणीय अमीर साहिब फ्रांस अशफ़ाक़ रब्बानी साहिब ने अपने प्यारे आक़ा को स्वागत कहा और हाथ मिलाया।

फ्रांस से हुज़ूर अनवर के स्वागत के लिए और यहां के समस्त प्रबन्ध के लिए

शेष पृष्ठ 5 पर

विशेष सन्देश

अल्लाह तआला ने हमें दुआ का बड़ा हथियार दिया है हमें इस के द्वारा अल्लाह तआला की पनाह में आने की कोशिश करनी चाहिए।

मैंने आज परामर्श के बाद यही फ़ैसला किया है कि दफ़्तर से ही ख़ुत्बा के स्थान पर एक पैग़ाम की शक्ल में आप से बात कर लूं घरों जमाअत के लोगों को चाहिए कि जमाअत के साथ नमाज़ का प्रबन्ध करें और जुम्अः भी घर के लोग मिलकर पढ़ें मल्फ़ूज़ात में से या हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की दूसरी किताबों में से या अलफ़ज़ल में से या अलहकम से कोई भी उद्धरण पढ़ कर ख़ुत्बा दिया जा सकता है। और घर के लोगों में से कोई वयस्क लड़का या मर्द भी जुम्अः पढ़ा सकता है और नमाज़ें भी पढ़ा सकता है।

इस से ज्ञान भी बढ़ेगा और इस तरह हुकूमती पाबन्दी के कारण से घर बैठना भी धार्मिक और रूहानी लाभ का कारण होगा। ज्ञान वर्धक लाभ का कारण होगा।

ऐम टी ए पर बड़े अच्छे प्रोग्राम आते हैं कुछ वक़्त उन प्रोग्रामों को भी इकट्ठे बैठ कर देखने कोशिश करें।

हुकूमत ने अवाम की बेहतरी के लिए आपकी सेहत को ठीक रखने के लिए जो हिदायतों दी हैं जो क़ानून बनाए हैं इस की भी पाबंदी करें।

सब से बढ़ कर दुआओं की तरफ़ बहुत ध्यान दें। दुआओं से अल्लाह तआला के फ़ज़ल को हम जज़ब कर सकते हैं और अपनी रुहानी और जिस्मानी हालत को सेहत मंद कर सकते हैं।

अपने घरों में नमाज़ बाजमाअत की आदत डालें,बच्चों को यह ज्ञान होगा कि नमाज़ें पढ़ना ज़रूरी हैं और बाजमाअत पढ़ना ज़रूरी हैं और आजकल के हालात की वजह से हम मस्जिद नहीं जा सकते लेकिन इस फ़र्ज़ को अपने घरों में निभाना ज़रूरी है, इस को पूरा करना ज़रूरी है,इस तरफ़ खासतौर ध्यान दें।

अल्लाह ताला इस महामारी से दुनिया को जल्द पाक करे और सब दुनिया को इन्सानियत के तक़ाज़े पूरे करने वाला बनाए और सब ख़ुदा ताला को पहचानने वाले हों।

विशेष सन्देश सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 27 मार्च 2020 ई. स्थान - इस्लामाबाद (सिर्रे) यू. के

اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَاَشْهَدُ اَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ

اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

आजकल वाइरस की जो महामारी फैली हुई है इस की वजह से हुकूमत ने पाबंदियां लगाई हैं दुनिया में बहुत सारी हुकूमतों ने और यहां बर्तानिया की हुकूमत ने भी कि मस्जिद में जमाअत के साथ नमाज़ अदा नहीं हो सकती या अगर हो सकती है तो दो या कुछ लोगों से अधिक न हों और वे भी क़रीबी लोग हों। अभी क़ानून स्पष्ट नहीं हो रहा। कोई व्याख्या कुछ करता है और कोई कुछ कि यह सिर्फ़ जैसा कि मैंने कहा कि क़रीबी रिश्तेदार हों तभी हो सकता है और कोई कह रहा है कि दोस्त या साथ रहने वाले हों तो भी शामिल हो सकते हैं। बहरहाल इन हालात में बाक़ायदा जब तक स्पष्ट नहीं हो जाता जुम्अः अदा नहीं किया जा सकता क्योंकि जुम्अः में भी कुछ बातें स्पष्ट होने वाली हैं। इस लिए मैंने आज परामर्श के बाद यही फ़ैसला किया है कि दफ़्तर से ही ख़ुत्बा के स्थान पर एक पैग़ाम की शक्ल में आपसे बात कर लूं और सम्बोधित हो जाऊं। जुम्अः बाक़ायदा न पढ़ा जाए।

जुम्अः के दिन एम टी ए पर ख़ुत्बा सुनना समय के ख़लीफ़ा का ख़ुत्बा सुनना ऐसा है कि जिसकी अब लोगों को आदत पड़ चुकी है। अगर आज इस वक़्त मैं जमाअत से सम्बोधित न हुआ तो लोगों को कई बार मायूसी भी होती है और फिर इस के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की धारणाएं भी शुरू हो जाती हैं इस लिए मैंने यही बेहतर समझा कि किसी न किसी रंग में जमाअत से सम्बोधित हो जाऊं और इस के लिए यही तरीक़ा धारण किया गया कि दफ़्तर से बैठ कर एक पैग़ाम की सूरत में आपसे सम्बोधित हो जाऊं।

बहरहाल जैसा कि मैंने कहा आज जो जुम्अः है वे हम तो नहीं पढ़ेंगे और भविष्य के लिए इंशा अल्लाह क्या तरीका धारण करना है वह इंशा अल्लाह तआला बता दिया जाएगा। लंबा समय हम जुम्अः छोड़ भी नहीं सकते। मेरा जमाअत से जैसा कि मैंने कहा सम्पर्क भी ज़रूरी है और आजकल के हालात में खासतौर पर और भी अधिक ज़रूरी है इस लिए वकीलों और सम्बन्धित लोगों के साथ परामर्श के बाद इंशा अल्लाह उस का हम हल निकाल लेंगे।

जमाअत के सदस्यों को भी मैं यह कहूँगा कि जैसा कि जहां मस्जिद में आने पर हुकूमत ने इस बीमारी की वजह से पाबंदी लगाई है या पाबंदी तो नहीं लगाई जैसे यहां यू के में यह है कि अकेले तौर पर मस्जिद में आकर नमाज़ पढ़ सकते हैं या कुछ फ़ैमिली सदस्य भी आकर नमाज़ पढ़ सकते हैं लेकिन वहां यही है कि दूरी इतनी हो कि जो हुकूमत ने बताया कि आपस में क़रीबी सम्पर्क न हो लेकिन इस के बावजूद बाजमाअत नमाज़ इस तरह नहीं पढ़ी जा सकती कि सारे इकट्ठे हो कर आएं। तो इस तरह की अवस्था में घरों में जमाअत के लोगों को चाहिए कि बाजमाअत नमाज़ का प्रबन्ध करें और जुम्अः भी घर के लोग मिलकर पढ़ें और मल्फ़ूज़ात में से या जमाअत की किताबों में से या हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की दूसरी किताबों में से या अलफ़ज़ल में से या अलहकम से या किसी और रिसाले से कोई भी उद्धरण पढ़ कर ख़ुत्बा दिया जा सकता है और घर के लोगों में से कोई बालिग़ लड़का या मर्द जुम्अः भी पढ़ा सकता है और नमाज़ें भी पढ़ा सकता है। जुम्मओं को बहरहाल लंबा अरसा छोड़ा नहीं जा सकता।

जब घरों में लोग जुम्अः पढ़ाएँगे और इस की तैयारी करेंगे तो ख़ुत्बा के लिए अध्ययन करेंगे इस से ज्ञान भी बढ़ेगा और यूं हुकूमत की पाबंदी की वजह से घर बैठना भी धार्मिक और रुहानी लाभ का कारण हो जाएगा। इल्मी लाभ का कारण हो जाएगा बल्कि अलहकम ने आजकल जो लोगों की राय का सिलसिला शुरू किया है कि हम इस पाबंदी की वजह से घर बैठ कर किस तरह वक़्त गुज़ारते हैं इस में अक्सर लोग यह लिख रहे हैं कि जमाअत की, क़ुरआन और हदीस और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की किताबों और जमाअत का लिट्रेचर पढ़ कर हम अपने ज्ञान में वृद्धि कर रहे हैं और बहुत सी प्रतिक्रियाएं तो आजकल विभिन्न दुनियावी साईटस पर दुनियादार भी कर रहे हैं कि इस कारण से हमें भी अपनी घरेलू ज़िन्दगी को अपनी हालतों को बेहतर करने की तौफ़ीक़ मिल रही है और हमारी घरेलू ज़िन्दगी वापस आ गई है। अतः हमें भी अपनी घरेलू ज़िन्दगी को अपनी हालतों को सँवारते हुए और बच्चों की तर्बीयत करते हुए गुज़ारने की कोशिश करनी चाहिए। एम टी ए पर बड़े अच्छे प्रोग्राम आते हैं। कुछ समय इन प्रोग्रामों को भी इकट्ठे बैठ कर देखने की कोशिश करें।

और इस के इलावा हुकूमत ने अवाम की बेहतरी के लिए जैसा कि पहले भी मैं कह चुका हूँ आपकी सेहत क़ायम रखने के लिए जो हिदायतें दी हैं जो क़ानून बनाए हैं इस की भी पूरी पाबंदी करें और सबसे बढ़कर जैसा कि मैंने पिछले ख़ुत्बों में कहा

था कि दुआओं की तरफ़ बहुत ध्यान दें। दुआओं से अल्लाह तआला के फ़ज़ल को हम जज़ब कर सकते हैं और अपनी रुहानी और जिस्मानी हालत को सेहत मंद कर सकते हैं और यही हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने बार-बार नसीहत फ़रमाई है और ऐसे हालात में भी यही नसीहत फ़रमाई है कि सबसे ज़्यादा ज़रूरी बात यही है कि ख़ुदा तआला से गुनाहों की माफ़ी चाहें। दिल को साफ़ करें और नेक कामों में व्यस्त हो जाएं। अल्लाह तआला ने हमें दुआ का एक बहुत बड़ा हथियार दिया है। हमें इस के द्वारा अल्लाह तआला की पनाह में आने की कोशिश करनी चाहिए और इस तरफ़ ध्यान देना चाहिए।

जहां तक जुम्अ: न पढ़ने का सवाल है कुछ हालात में बाजमाअत नमाज़ और जुम्अ: की कुछ हदीसों से भी वज़ाहत होती है कि ये छोड़े जा सकते हैं जैसे बुख़ारी की एक हदीस है कि हज़रत इब्न अब्बास रज़ि ने बारिश वाले दिन में अपने मुअज़्ज़न से फ़रमाया कि तुम तुम أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ और أَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا رَسُوْلُ اللّٰهِ कहो तो उस के बाद حَيَّ عَلَى الصَّلٰوةِ نہ कहना बल्कि صَلُّوْا فِي بُيُوْتِكُمْ कि अपने घरों में नमाज़ पढ़ो के अलफ़ाज़ कहना। अत: यह बात मानो लोगों को नई लगी और उन्होंने इस पर आश्चर्य किया। इस पर हज़रत इब्न अब्बास रज़ि ने फ़रमाया कि यही काम उन्होंने अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी किया है जो मुझसे बेहतर थे। यद्यपि जुम्अ: पढ़ना ज़रूरी है मगर मैं नापसंद करता हूँ कि मैं तुम लोगों को इस तकलीफ़ में डालूं कि तुम कीचड़ और फिसलन में चलो।

(सहीह अल्बुख़ारी किताबुल अल्जुम्अ: बाबुर रुख़सत हदीस 901)

मुस्लिम में भी यह रिवायत कुछ शब्दों की तबदीली के साथ इस तरह आई है हज़रत इब्न अब्बास से रिवायत है कि उन्होंने बारिश वाले दिन में अपने मुअज़्ज़न से फ़रमाया कि तुम أَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا رَسُوْلُ اللّٰهِ और أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ कहो तो उस के बाद حَيَّ عَلَى الصَّلٰوةِ نہ कहना बल्कि صَلُّوْا فِي بُيُوْتِكُمْ कि अपने घरों में नमाज़ पढ़ो के शब्द कहना। रावी कहते हैं कि लोगों को यह बात नई लगी तो हज़रत इब्न अब्बास ने फ़रमाया कि क्या तुम इस बात पर आश्चर्य करते हो। यह काम उन्होंने किया था जो मुझसे बेहतर थे। यद्यपि जुम्अ: पढ़ना ज़रूरी है मगर मैं इसे पसंद करता हूँ कि तुम्हें इस हाल में बाहर निकालूं कि तुम कीचड़ और फिसलन में चलो।

(सहीह मुस्लिम किताबुस्सलात बाब अस्सलात फिर्रहाल हदीस 699)

अल्लामा इमाम नौवी इस हदीस की व्याख्या में लिखते हैं कि और इस हदीस में बारिश इत्यादि की मजबूरी के आधार पर जुम्अ: को साकित करने की दलील मौजूद है और यही मसलक हमारा है। वह लिखते हैं वह कि यही मसलक हमारा है और दूसरे फ़ुक़हा का है जबकि इमाम मालिक का मॉक़फ़ इस के ख़िलाफ़ है। वालल्लाहो अअलमो बिस्सवाब।

(अल्मिन्हाज शरह सहीह मुस्लिम भाग 5 पृष्ठ 208 किताबुस्सलात बाब अस्सलात फिर्रहाल हदीस 699 प्रकाशन अल्मिस्रयत बिल अज़हर 1347 हिजरी)

इसी तरह फ़ुक़हा ने जुम्अ: और बाजमाअत को छोड़ने के उज़्रों में ऐसी बीमारी जिसके साथ मस्जिद में हाज़िर होना मुश्किल हो उस को शामिल किया है और इस की दलील अल्लाह तआला के इस इरशाद को क़रार दिया है कि अल्लाह तआला ने तुम्हारे लिए धर्म में किसी किस्म की तंगी जायज़ नहीं रखी। इसी आधार पर हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बीमार हुए तो आप मस्जिद जाने से रुक गए और फ़रमाया कि अबूबकर से कहा कि वह लोगों की इमामत कराए। यह सही बुख़ारी में भी है और मुस्लिम में भी है यह हदीस।

(सहीह अल्बुख़ारी किताबुल आज़ान बाब अहलल इल्म हदीस 680-681)
(सहीह मुस्लिम किताबुस्सलात हदीस 419)

इसी तरह किसी बीमारी के पैदा होने से भयभीत आदमी भी माज़ूर क़रार दिया है और इस की दलील हज़रत इब्न अब्बास की वह रिवायत है जिस में हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उज्र की तफ़सीर ख़ौफ़ और बीमारी से फ़रमाई। यह सुनन अबी दाऊद में लिखा है।

(सुनन अबी दाऊद किताबुस्सलात हदीस 551)

बहरहाल यह बीमारी जिसमें बीमारी फैलने का भी ख़तरा है और जिसके लिए हुकूमत ने भी कुछ नियम और क़ानून बनाए हैं और देश के कानून के अधीन उन पर चलना भी ज़रूरी है इन अवस्थाओं में जमा होना, एक जगह जमा होना और नमाज़ बाजमाअत अदा करना या जुम्अ: पढ़ना मुश्किल है लेकिन जैसा कि मैंने कहा अपने घरों में नमाज़ बाजमाअत की आदत डालें। इस से जहां बच्चों को यह इल्म होगा कि नमाज़ें पढ़ना ज़रूरी हैं और बाजमाअत पढ़ना ज़रूरी है और आजकल के हालात की वजह से हम मस्जिद नहीं जा सकते लेकिन इस फ़र्ज़ को अपने घरों में निभाना ज़रूरी है। इस को पूरा करना ज़रूरी है इस पर खासतौर पर ध्यान दें। कई बार सफ़रों में ऐसे हालात हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के भी आए थे। जब आपने जुम्अ: अदा नहीं किया।

(अल्फज़ल दिनांक 24 जनवरी 1942 ई पृष्ठ 1 भाग 20 संख्या 21)

तो बहरहाल बहुत सारी ऐसी रिवायते हैं जिससे इस बारे में भी वज़ाहत होती है कि छूतछात की बीमारियों में जमा होना या बीमारियों में एक दूसरे से मिलना ठीक नहीं है। इस के लिए अलग रहना चाहिए और अलग रखो। बहरहाल जैसा कि मैंने पहले भी कहा हम स्थायी तो यह नहीं छोड़ रहे और इस के लिए अलग से प्रबन्ध भी कर रहे हैं कि घरों में जुम्अ: अदा करें। मैं भी कोई प्रबन्ध करने की कोशिश करूँगा।

अब यह भी ज़रूरी है कि यह दुआ करें कि अल्लाह तआला अपना फ़ज़ल फ़रमाए जैसा कि पहले भी मैंने कहा कि अल्लाह तआला इस महामारी से दुनिया को जल्द पाक करे और सब दुनिया को इन्सानियत के तक़ाज़े पूरे करने वाला बनाए और ख़ुदा तआला को पहचानने वाले हों सब। अल्लाह तआला हम सबको इस की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए।

اَلسَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللّٰهِ وَبَرَكَاتُهٗ

☆ ☆ ☆ ☆ ☆ ☆

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अ: 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY,
JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों दुनिया की फत्ह हासिल हो और लोगों के दिलों पर फत्ह पाओ तो पवित्रता धारण करो, और अपनी बात सुनो, और दूसरों को अपने उच्च आचरण का नमूना दिखाओ तब अलबत्ता सफल हो जाओगे।"

तालिबे दुआ

धानू शेरपा

सैक्रेट्री जमाअत अहमदिया देवदमतांग (सिक्कम)

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)



इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

पृष्ठ 2 का शेष

आने वाले वफ़द में अमीर साहिब फ्रांस के अतिरिक्त आदरणीय असलम दो बोरी साहिब नायब अमीर जमाअत फ्रांस, आदरणीय फ़हीम अहमद नयाज़ साहिब जनरल सैक्रेटरी, आदरणीय ऐनुल हादी साहिब विभाग समई बसरी, आदरणीय जमीलुर्रहमान सदर मजलिस ख़ुद्दामुल अहमदिया फ्रांस, आदरणीय असद इम्तियाज़ साहिब नायब सदर ख़ुद्दामुल अहमदिया फ्रांस और आदरणीय इम्तियाज़ इफ़्तिख़ार साहिब मुहतमिम उमूमी ख़ुद्दामुल अहमदिया फ्रांस अपनी ख़ुद्दाम की सिक्योरिटी टीम के साथ मौजूद थे

नमाज़ ज़ुहर तथा असर की अदायगी के लिए होटल के एक अलग हाल में प्रबन्ध किया गया था। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने 2 बजकर 35 मिनट पर तशरीफ़ ला कर नमाज़ ज़ुहर तथा असर जमा करके पढ़ाऐं। नमाज़ों की अदायगी और दोपहर के खाने के बाद यहां से आगे ननसपेत हॉलैंड के लिए रवाना होना था।

हॉलैंड से आदरणीय अमीर साहिब हॉलैंड आदरणीय हिबतुन्नूर फरहाखन साहिब, आदरणीय अब्दुल हमीद फ़ांद्र फ़ीलदन साहिब नायब अमीर हॉलैंड, आदरणीय नईम अहमद वड़ेच साहिब मुबल्लिग़ इंचार्ज हॉलैंड, आदरणीय मुज़फ़्फ़र हुसैन साहिब जनरल सैक्रेटरी, आदरणीय नासिर अहमद डोगर साहिब सैक्रेटरी सनअत व तजारत, आदरणीय ज़ुबैर अकमल साहिब सैक्रेटरी तालीमुल क़ुरआन वक़्फ़ आरज़ी और सदर मजलिस ख़ुद्दामुल अहमदिया उसमान अली साहिब अपनी सिक्योरिटी टीम के साथ होटल में हुज़ूर अनवर के स्वागत के लिए पहुंचे थे।

प्रोग्राम के अनुसार अब यहां से हॉलैंड से आने वाले वफ़द ने क़ाफ़िला को escort करते हुए नन सपीत (हॉलैंड) लेकर जाना था। तीन बज कर चालीस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ होटल से बाहर पधारे और सामूहिक दुआ करवाई। इस के बाद क़ाफ़िला नन सपीत हॉलैंड के लिए रवाना हुआ

यहां से नन सपीत की दूरी 390 किलोमीटर है। 55 किलोमीटर का सफ़र तय करने के बाद फ्रांस का बॉर्डर पार कर के बेल्जियम की सीमाओं में दाख़िल हुए। बेल्जियम में 190 किलोमीटर का सफ़र तय करने के बाद बेल्जियम का बॉर्डर पार करके क़ाफ़िला हॉलैंड में दाख़िल हुआ। हॉलैंड में 145 किलोमीटर का और सफ़र तय करके लगभग 8 बजकर 5 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का जमाअत ननसपीत के मर्कज़ बैयतुल नूर में पधारे।

जैसे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ गाड़ी से बाहर पधारे तो नन सपीत और हॉलैंड की विभिन्न जमाअतों और शहरों से आए हुए जमाअत के लोगों मर्द तथा औरतें और बच्चों, बच्चियों ने अपने प्यारे आक़ा का बड़ा जोश के साथ स्वागत किया। बच्चियां और बच्चे विभिन्न ग्रुपों की सूरत में दुआइया नज़्में और स्वागत गीत पेश कर रहे थे। अक़ीदत और मुहब्बत से हर तरफ़ हाथ बुलंद थे। "अहलन व सहलन व मरहबा या अमीर-उल-मोमिनीन" की आवाज़ें हर तरफ़ से बुलंद हो रही थीं।

आदरणीय अमीर साहिब हॉलैंड, आदरणीय मुबल्लिग़ इंचार्ज साहिब हॉलैंड, आदरणीय हामिद करीम साहिब मुबल्लिग़ नन सपीत, आदरणीय अज़हर अली नईम साहिब सैक्रेटरी अमूरे ख़ारिजा, आदरणीय चौधरी मुबश्शिर अहमद साहिब अफ़्सर जलसा सालाना हॉलैंड ने हुज़ूर अनवर को स्वागत कहा।

इस अवसर पर नन स्पैट के नायब लार्ड मेयर Mr.Van De Berg भी हुज़ूर अनवर के स्वागत के लिए आए हुए थे। इसी तरह जमाअत के मर्कज़ बैयतुन्नूर के पड़ोस में रहने वाले Mr.Jaap भी हुज़ूर अनवर को स्वागत कहने के लिए आए हुए थे। महोदय डच आर्मी में मेजर हैं। इन दोनों ने हुज़ूर अनवर से हाथ मिलाया।

नायब लार्ड मेयर ने नेक इच्छाओं का इज़हार किया और निवेदन किया कि मेयर ने ख़ुद भी आना था लेकिन वह एक ज़रूरी मीटिंग में शामिल की वजह से नहीं आ सके। महोदय ने निवेदन किया कि हम हफ़्ता के दिन होने वाले प्रोग्राम में भी शामिल होंगे

इस अवसर पर एक बच्चे प्रिय ज़ीशान वलीद ने हुज़ूर अनवर की सेवा में फूल पेश किए और एक बच्ची प्रिया नाजिया असलम ने हज़रत बेगम साहिबा मदज़िलहा आली की सेवा में फूल पेश किए

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने अपना हाथ बुलंद करके सब को अस्सलामो अलैकुम कहा और अपने रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए

अपने प्यारे आक़ा के स्वागत के लिए हॉलैंड की विभिन्न जमाअतों से जमाअत के लोगों मर्द तथा औरतें, नौजवान, बूढ़े, बच्चे और बच्चियां दोपहर से ही जमाअत के मर्कज़ बैयतुन्नूल पहुंचना शुरू हो गए थे। नन सपीत (Nunspeet)की स्थानीय जमाअत के अतिरिक्त Amsterdam, Den Haag,Zwolle,Utrecht, Amstelveen,Zuidoost,ArnhemLieden, Rotterdam,Eindhoven ,Maastricht ,Denbosch, Leuwaarden ,Groningen की जमाअतों से जमाअत के लोगों सफ़र करके नन सपीत पहुंचे थे और सभी अपने प्यारे आक़ा के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। इन सभी ने दर्शन पाया और सभी उन मुबारक और बरकत लम्हों से लाभान्वित हुए।

साढ़े आठ बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ने मस्जिद बैयतुन्नूर में तशरीफ़ ला कर नमाज़ मग़रिब तथा इशा जमा करके पढ़ाईं। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला अपनी रिहायशगाह पर तशरीफ़ ले गए।

हुज़ूर अनवर के स्वागत के लिए हॉलैंड की विभिन्न जमाअतों से जो लोगों मर्द तथा औरतें यहां मस्जिद बैयतुन्नूर पहुंचे थे, इन सभी ने नमाज़ मग़रिब तथा इशा अपने आक़ा की अनुकरण में पढ़ने का सौभाग्य पाया। उनमें से कुछ पाकिस्तान से यहां पहुंचे थे और उनकी ज़िन्दगी में अपने प्यारे आक़ा की अनुकरण में यह पहली नमाज़ थी। ये लोग अपनी इस सौभाग्य पर बेहद ख़ुश थे और उन मुबारक लम्हों से लाभान्वित हो रहे थे और उन्हें एक नई ज़िन्दगी प्रदान हो रही थी। अल्लाह तआला ये सौभाग्य हम सब के लिए प्रदान फ़रमाए। आमीन

Nunspeet मैं जमाअत के मर्कज़ "बैयतुन्नूर" वसीअ तथा बड़ी इमारतों पर आधारित है। इस का क्षेत्रफल सवा एकड़ है। इस कम्पलैक्स में तीन बड़ी इमारते हैं जो तीन ब्लॉक्स के रूप में हैं।

बलॉक ए (A) तीन मंज़िला है। इस की पहली मंज़िल पर एक बड़ा हाल है जो 1985 ई से 2014 ई तक अर्थात लगभग तीस साल बतौर मस्जिद प्रयोग होता रहा है और इस के अतिरिक्त इस इमारत की पहली, दूसरी और तीसरी मंज़िलों पर 22 कमरे हैं और उन कमरों की एक बड़ी संख्या मेहमानों की रिहायश के लिए प्रयोग होती है। ग़ुस्ल-ख़ाने और जमाअत के किचन इसके अतिरिक्त हैं। लंगर ख़ाना का प्रबन्ध भी इसी इमारत के साथ जुड़ा हुआ है। जमाअत के लाइब्रेरी भी इसी इमारत में है।

दूसरा बलॉक बी (B) भी तीन मंज़िला है। इस की पहली दो मंज़िलों में तीन हाल हैं और तीसरी मंज़िल पर सात गेस्ट हाऊसज़ अर्थात रिहायशी अपार्टमंट्स हैं

तीसरा बलॉक सी (C) है जिसके एक हिस्सा को साल 2014 ई से मस्जिद की शक्ल में तबदील किया गया है और बाक़ायदा महिराब इत्यादि बनाया गया है। इसके अतिरिक्त इस बलॉक में दो दफ़्तरों और एक रिहायशी हिस्सा भी है। इस कम्पलैक्स में इन तीन ब्लॉक्स के अतिरिक्त एक रिहायशी बंगला भी है। यह कम्पलैक्स 1985 ई में ख़रीदा गया था। नन सपीत का इलाक़ा बहुत ख़ूबसूरत है। एक झील के इर्दगिर्द निहायत ख़ूबसूरत जंगलों से घिरा हुआ है और एक शान्ति वाली स्थान है।

साल1985 ई में जब यह जगह ख़रीदी गई थी तो उस वक़्त यहां नन सपीत में सिर्फ एक अहमदी फ़ैमिली निवासी थी। नन सपीत में धीरे-धीरे जमाअत की संख्या बढ़ती गई। साल 2014 ई में नन सपीत की संख्या 155 से बढ़ गई तो इस को दो जमाअतों नन सपीत और Zwolle में विभाजित किया गया। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से अब ये जमाअत तेज़ी से तरक़्क़ी कर रही है और अब सिर्फ जमाअत नन सपीत की संख्या140 से बढ़ गई है। जबकि दूसरी क़रीबी जमाअत Zwolle की संख्या 90 से ऊपर है। इन दोनों जमाअतों के अतिरिक्त देश भर की जमाअतों से लोग यहां जमा हैं और एक ईद का दृश्य नज़र आता है। प्रत्येक दिल ख़ुशी तथा प्रशंसा से भरा है। यह दिन बड़े ही मुबारक और बरकतों वाले दिन हैं।

26 सितम्बर 2019 ई (दिनांक जुमेरात)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह छः बजकर तीस मिनट पर मस्जिद बैयतुन्नूर तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए।सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ की दफ़्तरी मामलों को पूरा करने में व्यस्तता रही।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने 2 बजे मस्जिद बैयतुन्नूर में तशरीफ़ ला कर नमाज़ ज़ुहर तथा असर जमा करके पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए। पिछले पहर भी हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ दफ़्तरी मामलों को पूरा करने में व्यस्त रहे।

फ़ैमिली मुलाक़ातें

प्रोग्राम के अनुसार छः बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर पधारे और फ़ैमिली मुलाक़ातें शुरू हुईं। आज प्रोग्राम के अनुसार 40 फ़ैमिलीज़ के174 लोगों ने अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। इन सब ही फ़ैमिलीज़ ने हुज़ूर अनवर के साथ तस्वीरें बनवाने का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर ने शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों और छात्राओं को क़लम प्रदान फ़रमाए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट प्रदान फ़रमाएं

मुलाक़ात करने वाली ये फ़ैमिलीज़ ननस्पैट के अतिरिक्त Rotterdam, Almere, Eindhoven, Zwolle, Denbosch, Den Haag, Utrecht से आई थीं। लगभग ये सब ही फ़ैमिलीज़ ऐसी थीं या कुछ फ़ैमिलीज़ का एक हिस्सा ऐसा था जो अपनी ज़िन्दगियों में पहली बार अपने प्यारे आक़ा के दर्शन और मुलाक़ात का सौभाग्य से लाभान्वित हो रहा था और आज का दिन उनकी ज़िन्दगी में बहुत अधिक मुबारक और बरकतों और अल्लाह तआला के फ़ज़्लों से भरपूर दिन था। इस दिन को और अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात के इन लम्हों को ये लोग और उनके बच्चे हमेशा याद रखेंगे। ख़लीफ़तुल मसीह से क़ुरब की ये कुछ घड़ियाँ उनकी सारी ज़िन्दगी का सरमाया हैं। इन्सान की ज़िन्दगी में कुछ लम्हों ऐसे आ जाते हैं जो उस की काया पलट देते हैं। प्यारे आक़ा से क़ुरब के ये कुछ लम्हों यक़ीनन ऐसे ही लम्हों हैं जो एक इन्सान का धर्म भी सँवार जाता है और इस की दुनिया भी सँवार जाती है और एक नई ज़िन्दगी मिलती है।

मुलाक़ात करने वालों में से एक दोस्त इर्फ़ान एजाज़ साहिब (जिनका सम्बन्ध जमाअत दोधा ज़िला सरगोधा से है) ने अपनी भावनाओं का इज़हार करते हुए कहा: हुज़ूर अनवर को देखकर जो मेरी कैफ़ीयत थी, जो मेरी भावनाएं थी, मैं वर्णन नहीं कर सकता। मेरा जिस्म काँप रहा था। हुज़ूर अनवर ने हम से बड़े प्यार और मुहब्बत के साथ बातें कीं। हमें बहुत सुकून प्रदान हुआ। मुझे रोना आ रहा था। मैंने बड़ी मुश्किल से काबू किया। मेरी आवाज़ काँप रही थी। हुज़ूर अनवर ने मेरे बच्चों को बहुत प्यार किया। बच्चों ने इस इच्छा का इज़्हार किया कि हमने हुज़ूर अनवर के साथ अलग तस्वीर भी बनवानी है और हम ने फ्रेम करवा कर रखनी है। हुज़ूर अनवर ने बहुत शफ़क़त से बच्चों की इच्छा पूरी फ़रमाई और बच्चों ने अपने आक़ा के साथ एक अलग तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया।

रब्वा से आने वाले दोस्त मुहम्मद सादिक़ नदीम साहिब ने वर्णन किया कि मैं बता नहीं सकता कि हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात ख़ुदा तआला का इतना बड़ा एहसान है कि मैं शुक्र का हक़ अदा नहीं कर सकता। मेरी ज़िन्दगी की एक ही इच्छा थी कि हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात हो जाएगी। मैं यहां वीज़ा लेकर आया था। मेरा इसाईलम करने का कोई इरादा न था और मेरा वापस जाने का प्रोग्राम था। लेकिन वीज़ा की सीमा हुज़ूर अनवर की हॉलैंड में आने से पहले ख़त्म हो रही थी। दूसरी तरफ़ में हर सूरत हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात करना चाहता था। और यहां और अधिक रुकने की सूरत सिर्फ़ इसाईलम ही थी। अत: मैंने इसाईलम कर दिया और आज मेरी ज़िन्दगी की इच्छा पूरी हो गई। आज मैं एक ख़ुशनसीब इन्सान हूँ।

सरगोधा से सम्बन्ध रखने वाले इमरान अहमद साहिब ने अपने विचारों का इज़हार करते हुए कहा कि इस वक़्त मेरे लिए बोलना मुश्किल हो रहा है। महोदय की आवाज़ भराई हुई थी। कुछ देर तवक़्क़ुफ़ के बाद कहने लगे उतना सुकून आया है और दिल सन्तोष से भर गया है। हमारा दिल कर रहा था बस हुज़ूर अनवर बातें करते जाएं और हम सुनते जाएं और हुज़ूर को देखते जाएं। हमारी सारी फ़ैमिली ने हुज़ूर अनवर के चेहरा पर नूर ही नूर देखा है। हमारे बच्चे भी बहुत अधिक ख़ुश हैं। हुज़ूर अनवर ने बच्चों को बहुत प्यार दिया है और बच्चों को चॉकलेट भी दी हैं।

एक फ़ैमिली के सरबराह उताउल हई साहिब जिनका सम्बन्ध कश्मीर से था, कहने लगे कि मुझ से बोला नहीं गया। अपने आप रोने को दिल चाहा। चेहरे पर नूर ही नूर था। मैं सोच भी नहीं सकता था कि ज़िन्दगी में कभी ख़ुदा तआला के प्रतिनिधि से मेरी मुलाक़ात होगी। आज मुझ पर ख़ुदा तआला का इतना एहसान है कि मैं सारी ज़िन्दगी शुक्र अदा नहीं कर सकता। ख़ुदा के प्रतिनिधि से मिला हूं। यह मेरी ज़िन्दगी की कोई साधारण घटना नहीं और मैं उसे कभी नहीं भुला सकता।

मास्टर मक़सूद अहमद साहिब जिन का सम्बन्ध कोइटा से था कहने लगे कि इस वक़्त मेरा दिल भावनाओं से भरा हुआ है। वर्णन नहीं कर सकता। मुझे समझ नहीं आ रही कि क्या वर्णन करूँ। मैं बताना चाहता हूं कि आज हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात के बाद मेरी समस्त परेशानियाँ ख़त्म हो गई हैं। समस्त रुकावटें दूर हो गई हैं। मेरा दिल हल्का हो गया है और मुझे बहुत सुकून मिला है। आज की मुलाक़ात मेरी ज़िन्दगी की एक प्रमुख घटना है। ख़ुदा तआला का शुक्र है कि ज़िन्दगी में मुलाक़ात का अवसर मिल गया मैं MTA पर देखा करता था कि लोग हुज़ूर अनवर के दर्शन के लिए क़तारों में खड़े हैं। मैं इस वक़्त सोचा करता था कि यह कैसे संभव हो सकता है कि मैं भी उन लोगों में शामिल हूँ। आज अल्लाह तआला ने मेरे दिल की मुराद पूरी कर दी कि मैंने न सिर्फ हुज़ूर अनवर को देखा बल्कि हुज़ूर से मुलाक़ात करने और हुज़ूर अनवर से बातें करने वालों में शामिल हो गया। यही मेरी ज़िन्दगी का क़ीमती सरमाया है

रब्वह से आने वाले दोस्त तारिक़ महमूद साहिब जब अपनी फ़ैमिली के साथ मुलाक़ात का सौभाग्य से लाभान्वित हो कर दफ़्तर से बाहर आए तो पूछने पर कहने लगे कि हम तो एक अरसा से इस दिन के लिए तरस रहे थे। बड़े ख़ुश-क़िस्मत लोगों को ये दिन नसीब होता है। मेरी फ़ैमिली अपनी ज़िन्दगी में पहली बार ख़लीफ़तुल मसीह को अपने सामने इंतिहाई क़रीब से देख रही थी। मेरे तीन बच्चे वक़्फ़ नौ में हैं। एक बेटी वक़्फ़ नौ में नहीं थी वह रो पड़ी कि मैं वक़्फ़ नौ नहीं हूँ। हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए उस की दिलदारी फ़रमाई और फ़रमाया तुम डाक्टर बनो।

कहने लगे कि मैंने विभाग से सोशल लेनी बंद कर दी है। मैंने इस बात का हुज़ूर अनवर से ज़िक्र किया कि इस तरह मैंने सोशल लेनी बंद कर दी है। इस पर विभाग ने कहा कि तुम्हें न लेने से बहुत मुश्किलें होंगी। इस पर मैंने उन्हें बताया कि हमारे इमाम ने कहा है कि ख़ुद कमा करो, काम करके गुज़ारा करें। इसलिए मैं अब काम करके गुज़ारा करूँगा। कहने लगे कि इस पर हुज़ूर अनवर ने मुझे बहुत दुआएं दें। अब मुझे कोई फ़िक्र नहीं, मेरे सब काम ख़ुदा के फ़ज़्ल से हो जाएंगे।

आदरणीय सुलतान अहमद साहिब जो कि रब्वह से आए हैं कहने लगे कि आज ख़ुदा तआला का बड़ा फ़ज़्ल हुआ है। मैं बहुत ख़ुश हूँ। आज मेरी ज़िन्दगी की पहली मुलाक़ात थी। पाकिस्तान में रहते हुए इस बात का विचार भी नहीं था कि कभी ज़िन्दगी में हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात हो जाएगी। हुज़ूर अनवर को MTA पर देखा करते थे। आज में बहुत ख़ुशनसीब इन्सान हूँ और इस सौभाग्य पर बहुत ख़ुश हूँ।

तरस्सौ इनायत मेहर साहिब जिनका सम्बन्ध गुजरात पाकिस्तान से है। 1999 ई मैं बैअत की थी और अपनी फ़ैमिली में अकेले अहमदी हैं। उन्होंने वर्णन किया कि हुज़ूर अनवर को देखकर यक़ीन नहीं आता था कि हम हुज़ूर अनवर के इतना क़रीब हैं और हुज़ूर को देख रहे हैं। ख़लीफ़तुल मसीह के सामने अपने भावनाओं पर कंट्रोल करना बड़ा मुश्किल होता है। हुज़ूर अनवर के चेहरा मुबारक पर नज़र पड़ते ही दिल करता है कि हुज़ूर अनवर को देखते रहें। नज़र हटाने को दिल नहीं चाहता। मैं जलसा जर्मनी में गया था और हमेशा अगली सफ़ों में बैठता था ताकि हुज़ूर अनवर को देखता रहूं। जितना भी देखूं दिल नहीं भरता। आज मैं एक ख़ुशनसीब इन्सान हूँ कि अपने इंतिहाई क़रीब से हुज़ूर अनवर का दर्शन नसीब हुआ है। यह घड़ी क़िस्मत वालों को ही नसीब होती है।

मुलाक़ातों का यह प्रोग्राम 8 बजकर 15 मिनट तक जारी रहा। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने बैयतुन्नूर तशरीफ़ ला कर नमाज़ मग़रिब तथा इशा जमा करके पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए

27 सितम्बर 2019 ई दिनांक जुम्अतुल मुबारक

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह साढ़े 6 बजे बैयतुन्नूर में तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए।

सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ दफ़्तरी मामलों को पूरा करने में व्यस्त रहे। आज जुम्अतुल मुबारक का दिन था। आज अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से जमाअत अहमदिया हॉलैंड के 39 वें जलसा सालाना का आरम्भ हो रहा था और आज जलसा सालाना का पहला दिन था। जलसा सालाना के आयोजन के लिए जमाअत के मर्कज़ बैयतुन्नूर के क़रीब ही एक स्पोर्टस हाला Vossenberg प्राप्त किया गया था और यहां मर्दाना जलसा गाह बनाया गया था जब कि बैयतुन्नूर के सेहन में मार्कीज़ लगा कर लजना के जलसा गाह का प्रबन्ध किया गया था। हॉलैंड की समस्त जमाअतों से जमाअत के लोग सुबह से ही बैयतुन्नूर पहुंचना शुरू हो गए थे। एक संख्या जुम्मेरात की शाम तक पहुंच चुकी थी लेकिन बड़ी संख्या में लोग जुम्अ: की सुबह से पहुंचे हैं। हॉलैंड की जमाअतों के अतिरिक्त जर्मनी, बर्तानिया, बेल्जियम, इटली, गोइटे माला, ऑस्ट्रिया, पाकिस्तान, मालटा , फिनलैंड, स्विटज़रलैंड, स्वीडन, डेनमार्क, नार्वे, दुबई, अमरीका, कैनेडा और फ्रांस के देशों से जमाअत के लोग और फ़ैमिलीज़ जलसा सालाना हॉलैंड में शामिल करने के लिए पहुंचे।

यूरोप के कुछ देशों से कुछ लोगों और फ़ैमिलीज़ चार सौ सदस्य पाँच सौ किलोमीटर तक का बड़ा लंबा सफ़र तय कर के जलसा में शामिल होने के लिए हॉलैंड पहुंचे। जुम्अ: के आरम्भ से पहले ही मर्दाना जलसा गाह और लजना का जलसा गाह शामिल होने वालों से भरे हुए थे और हाज़री दो हज़ार पाँच सौ चालीस से पार कर चुकी थी

प्रोग्राम के अनुसार 1 बजकर 55 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ झण्डा लहराने के आयोजन के लिए पधारे। "बैयतुन्नूर" के सेहन में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने लवाए अहमदियत लहराया जब कि अमीर साहिब हॉलैंड ने देश का क़ौमी झण्डा लहराया। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने दुआ करवाई।

झण्डा लहराने के आयोजन के बाद दो बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ मर्दाना जलसा गाह में तशरीफ़ ले आए और ख़ुत्बा जुम्अ: इरशाद फ़रमाया जिस के साथ जलसा सालाना हॉलैंड का उद्घाटन अनुकरण योग्य नज़र आया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला का यह ख़ुत्बा जुम्अ: दो बज कर पच्चास मिनट तक जारी रहा और MTA इंटरनैशनल पर सीधा प्रसारित हुआ। अरबी और यहां की स्थानीय डच भाषा में यहां स्थानीय तौर पर साथ साथ अनुवाद भी हुआ। ख़ुत्बा जुम्अ: के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने नमाज़ जुम्अ: के साथ नमाज़ अस्र जमा कर के पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए।

आमीन का आयोजन

पिछले-पहर भी हुज़ूर अनवर दफ़्तरी मामलों को पूरा करने में व्यस्त रहे। प्रोग्राम के अनुसार आठ बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ मर्दाना जलसा गाह में पधारे और आमीन का आयोजन का आयोजन हुआ। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने दया करते हुए निम्नलिखित 27 बच्चों से क़ुरआन करीम की एक-एक आयत सुनी और आख़िर पर दुआ करवाई।

अज़ीज़ फ़हद बशीर चौधरी, हिज़्कील अहमद, शाबल अहमद, अलतमाश रोशन क़ुरैशी, ज़ुलकिफ़ल Compier ज़ुलक़ुरनैन Compier मुहम्मद बासिल आरिफ़, शरजील अहमद, ज़मान चौधरी, रयान चौधरी, मुहम्मद जरी अल्लाह, अन्सर अहमद, हस्सान अहमद, तानीस अहमद बदर, हाज़िक़ अहमद, अहसन अहमद, रयान अहमद सिद्दीक़ी, ज़ीशान मुहम्मद, अतहर अहमद, शायान अहमद, रमीज़ अब्बास क़ाज़ी, मेराज अहमद शायान, मुवह्हिद अहमद अकमल, ज़ीशान वहीद, हसीब अहमद, कामरान एजाज़, इमरान एजाज़

आमीन के आयोजन में शामिल होने वाले ये ख़ुश-नसीब बच्चे हॉलैंड की निम्नलिखित जमाअतों से थे।

Zwolle, Nunspeet, Almere, Amstelveen, Arnhem ,Zoetermeer ,DenHaag ,Maastricht, Eindhoven, Rotterdam

आमीन का आयोजन के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने नमाज़ मग़रिब तथा इशा जमा कर के पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले आए।

28 सितम्बर 2019 ई (दिनांक हफ़्ता)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह साढ़े छ: बजे जलसा गाह में तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए। सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने दफ़्तरी डाक मुलाहिज़ा फ़रमाई और हिदायतों से नवाज़ा। हुज़ूर अनवर विभिन्न दफ़्तरी मामलों को पूरा करने में व्यस्त रहे। आज के प्रोग्राम के अनुसार औरतों के जलसा गाह में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का लजना जलसा से ख़िताब था

आज लजना के जलसा गाह में सुबह के जलसा का आरम्भ 10 बजकर 40 मिनट पर हज़रत बेगम साहिबा मदज़िल्हा आली की अध्यक्षता में हुआ। जो दोपहर बारे बजे तक जारी रहा। इस सैशन में तिलावत क़ुरआन करीम और इस के उर्दू अनुवाद के अतिरिक्त एक नज़म और दो तक़रीरें हुईं। एक तक़रीर उर्दू ज़बान में थी और दूसरी तक़रीर डच ज़बान में थी। प्रोग्राम के समाप्न के बाद हुज़ूर अनवर के आने तक के अरसा में भी कुछ लजना मैंबर्ज़ ने नज़्में प्रस्तुत कीं।

प्रोग्राम के अनुसार दोपहर साढ़े बारे बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ लजना जलसा गाह में पधारे। सदर लजना इमाउल्लाह हॉलैंड नाज़िमा आला ने अपनी नायब नाज़मात आला के साथ हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का स्वागत किया और औरतें ने अह्लन व सहलन व मरहबा कहते हुए अपने प्यारे आक़ा को स्वागत कहा

इजलास की कार्रवाई का आरम्भ तिलावत क़ुरआन करीम से हुआ जो प्रिया रिहाना वहाब ने की। इस के बाद उस का उर्दू अनुवाद प्रिया मारिया हुस्न ज़ुबैर ने पेश किया। इस के बाद प्रिया सूबिया लग़ारी साहिबा ने हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का कलाम

वह पेशवा हमारा जिस से है नूर सारा
नाम उस का है मुहम्मद दिलबर मेरा यही है

ख़ुश अल्हानी से पेश किया

इस के बाद प्रोग्राम के अनुसार हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने तालीमी मैदान में उच्च सफलता प्राप्त करने वाली 21 छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान फ़रमाए और हज़रत बेगम साहिबा मदज़िलहा आली ने इन छात्राओं को मैडल पहनाए

तालीमी ऐवार्ड प्राप्त करने वाली इन ख़ुशनसीब छात्राओं के नाम निम्नलिखित हैं

नौरीन रज़ा साहिबा (ऐम एस सी फिज़िक्स) पंजाब यूनीवर्सिटी लाहौर

नौरीन रज़ा साहिबा(एम फिल फिज़िक्स) पंजाब यूनीवर्सिटी लाहौर

अमतुल मुजीब नय्यर साहिबा (ऐम एस सी Environmental ब्यालोजी) नाईजीरिया

तानीया सईद Primary Education बोर्ड की परीक्षाओं में 98 प्रतिशत नम्बर

रोशनी नईम (बी एस सी माईक्रो ब्यालोजी) जिन्नाह यूनीवर्सिटी कराची

मनाल बशीर Primary Education बोर्ड की परीक्षाओं में 100 प्रतिशत नम्बर

नोमाना ताहिर(एफ़ एससी परी इंजीनीयरिंग) नुसरत जहां कॉलेज रब्वह

ज़नीरा चौधरी वड़ैच (बी एससी इंटरनैशनल कम्यूनीकेशन ऐंड मीडिया) UTRECHT हॉलैंड

बुशरा बशारत (एमफिल कैमिस्ट्री) सरगोधा यूनीवर्सिटी पाकिस्तान

उरूज खरल (बी एस सी) Geneeskunde ERAMUS यूनीवर्सिटी

नाइला नीलोफ़र हफ़ीज़(ऐम एस सी Tandheelkunde VRIJE यूनीवर्सिटी) एम्सटरडैम

ज़ल हुमा अब्बासी एफ़ एस सी परी इंजीनीयरिंग फैसलाबाद

Irma Marie-Louise(ऐम एससी Geneeskunde) यूनीवर्सिटी Van Maatricht

फ़ायका अहमद(बी एस सी सिवल इंजनीयरिंग) UAE यूनीवर्सिटी

तय्यबा सादिया(बी एस सी साईकालोजी) सरगोधा यूनीवर्सिटी पाकिस्तान

Emine Rustemi (प्राइमरी एजोकेशन बोर्ड की परीक्षा में 100 प्रतिशत नम्बर)

शाफ़िया महमूद GCSE 8 ए स्टार और 5 ए) ब्रंट ववडहाई स्कूल यू के

मारिया चौधरी(बी एस सी Zoology) पंजाब यूनीवर्सिटी लाहौर

अदीला नईम चौधरी (बी एस सी एक्सरसाइज़ ऐंड हेल्थ फ़िज़यालोजी) कैलगरी यूनीवर्सिटी कैनेडा

नज़रीन Sahebali(बी ए मिडल इस्टर्न स्टडीज़)Leidenयूनीवर्सिटी

रोवियतुन्नूर Compier (Exceptional Performance प्राइमरी एजूकेशन)

तालीमी ऐवार्ड की इस आयोजन के बाद 12 बजकर 50 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने ख़िताब फ़रमाया।

